# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (23.07.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:23.07.2025, PAGE-08**

### वीसी ने देर शाम ट्रांसफर कमेटी की बैठक के बाद लिया फैसला

# एलएस, आरबीबीएम समेत 7 कॉलेजों के प्राचार्य बदले

**अधिसूचना जारी**

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता ।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के सात कॉलेजों के प्राचार्यों का तबादला मंगलवार देर शाम कर दिया गया। कुलपति ने ट्रांसफर कमेटी की बैठक के बाद प्राचार्यों के तबादले की अधिसूचना जारी की है। जिन प्राचार्यों का तबादला किया गया है, वह पांच साल की अवधि पूरी कर चुके थे। काफी दिनों से इन प्राचार्यों के तबादले पर मंथन चल रहा था। तबादले को लेकर वीसी आवास में दो दिन से काफी गहमागहमी थी, जिससे विवि में कई कयास लगाये जा रहे थे।

जारी अधिसूचना के अनुसार एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय का तबादला सीतामढ़ी के एसआरकेजी कॉलेज में किया गया है। इसके अलावा आरबीबीएम की प्राचार्य प्रो. ममता रानी का तबादला ललित नारायण तिरहुत कॉलेज में किया गया है। वहीं, एमपी सिन्हा साइंस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. नलिन विलोचन का तबादला श्रीकृष्ण महिला कॉलेज, मोतिहारी किया गया है। जीवछ कॉलेज मोतीपुर के प्राचार्य प्रो रामनरेश पंडित का तबादला एसआरएपी कॉलेज, बारा चकिया किया गया है। नीतीश्वर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार का तबादला राम मनोहर लोहिया कॉलेज किया गया है। जमुनी लाल कॉलेज, हाजीपुर के प्राचार्य नंदकिशोर प्रसाद का तबादला आरसी कॉलेज सकरा में किया गया है। देव चंद कालेज के प्राचार्य प्रो तारकेश्वर पंडित का तबादला जेबीएसडी कॉलेज, बकुची किया गया है। इन प्राचार्यों के तबादले साथ कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य के पद समाप्त हो जाएंगे। साथ ही जो शिक्षक कॉलेज में प्रभारी प्राचार्य के तौर पर काम कर रहे हैं, वह अपने विभाग या कॉलेज वापस आ जाएंगे।



- एलएस कॉलेज के ओपी राय को सीतामढ़ी भेजा गया
- प्रो. ममता रानी बनीं एलएनटी कॉलेज की प्राचार्य

### आज बीआरएबीयू को मिलेंगे 23 नये प्राचार्य

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू को बुधवार को 23 नये प्राचार्य मिल जाएंगे। नये गेस्ट हाउस में लॉटरी सिस्टम से प्राचार्यों को उनके कॉलेज दिये जायेंगे। विवि प्रशासन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है। रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार शर्मा ने बताया कि लॉटरी सिस्टम से प्राचार्यों के चुनाव की सारी तैयारियां कर ली गई हैं।

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 23.07.2025, PAGE-08

# दीक्षांत समारोह में आएंगे बीआरएबीयू के सभी पूर्व कुलपति

**बैठक में निर्णय**

- रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगायेगा बिहार विवि
- कुलपति ने ऑडिटोरियम का किया निरीक्षण

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** दीक्षांत समारोह के दौरान रंग-बिरंगी रोशनी से बीआरएबीयू जगमगायेगा। समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिए कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने दीक्षांत के लिए बनी टीम के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अबतक हुए कामों की जानकारी ली। इसके बाद दीक्षांत के लिए बनी कमेटियों की अधिसूचना जारी की गई। दीक्षांत समारोह 25 अगस्त को होना है। दीक्षांत के कामकाज के लिए अब 11 कमेटियां होंगी। सभी कमेटी में शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मचारियों को रखा गया है। बैठक में तय किया गया कि दीक्षांत के लिए विवि परिसर को पूरी तरह से साफ किया जायेगा। कई जगह फव्वारे भी लगाये जायेंगे। बैठक में अधिकारियों के लिए हाफ जैकेट और अंगवस्त्रम बनवाने पर भी चर्चा की गई। इसके बाद वीसी और पूरी टीम ने ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साउंड बॉक्स की टेस्टिंग की गई। दीक्षांत समारोह के लिए कार्ड पर भी चर्चा की गई। तय किया गया कि कार्ड पर बीआरएबीयू की एक तस्वीर लगाई जायेगी। इसके अलावा कितने अतिथि आयेंगे इसपर भी विचार किया गया। दीक्षांत समारोह में लगभग 650 लोग आयेंगे। सभी पूर्व वीसी और जनप्रतिनिधियों को बुलाया जायेगा। ऑडिटोरियम के निरीक्षण के दौरान स्टेज की सजावट पर भी चर्चा की गई। सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया गया। बैठक में तय किया गया कि सामुदायिक भवन की गैलरी में अतिविशिष्ट अतिथियों के खाने का एडमिशन लिया जायेगा। दीक्षांत समारोह के लिए टॉपरों की सूची पर भी बैठक में मुहर लग गई। टॉपरों के नाम विवि के पोर्टल पर भी डाले जाएंगे। दीक्षांत समारोह में 59 लोगों को गोल्ड मेडल दिया जाएगा।



विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह की तैयारी को लेकर बनी टीम के साथ मंगलवार को बैठक करते कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 23.07.2025, PAGE-08**

# स्नातक में दूसरी मेरिट लिस्ट का दाखिला शुरू

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू में मंगलवार से स्नातक की दूसरी मेरिट लिस्ट के लिए दाखिला शुरू हो गया। दूसरी लिस्ट में 17 हजार 600 विद्यार्थियों के नाम हैं। दाखिला 26 जुलाई तक लिया जायेगा। पहले दिन एलएस कॉलेज में एक भी छात्र दाखिला लेने नहीं पहुंचे।

आरडीएस कॉलेज में एक-दो छात्र ही दाखिला के लिए पहुंचे। स्नातक की पहली मेरिट लिस्ट में 80 हजार छात्रों ने नामांकन कराये थे। पहली लिस्ट में 1 लाख 21 हजार छात्रों का नाम जारी किया गया था। स्नातक में 1 लाख 59 हजार छात्रों ने आवेदन किया है। वोकेशनल कोर्स में भी दाखिले के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। सीसीडीसी प्रो. मधु सिंह ने बताया कि एमसीए और पीजीडीसीए के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट और एमबीए के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई है। सीसीडीसी ने बताया कि स्नातक के कोर्स के लिए 23 जुलाई से ऑनस्पाट एडमिशन होगा। ऑनस्पाट एडमिशन और तीसरी मेरिट लिस्ट के लिए दाखिला 31 तक चलेगा। ऑनस्पाट एडमिशन में उन छात्रों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनका नाम पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट में था और वह दाखिला नहीं ले सके थे।

# कार्यशाला : उम्रभर अपने गाइड का सम्मान करें शोधार्थी : वीसी

**मुजफ्फरपुर, प्रसं।** बीआरएबीयू के पीजी अर्थशास्त्र विभाग में मंगलवार से रिसर्च मेथेडोलॉजी पर चार दिवसीय कार्यशाला शुरू हुई। उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने किया।

उन्होंने कहा कि शोधार्थियों को उम्रभर अपने गाइड का सम्मान करना चाहिए। शोधार्थी जो भी रिसर्च पेपर प्रकाशित कराएं उसमें अपने गाइड का नाम जरूर दें। अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. विनिता वर्मा ने विषय के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के तौर पर प्रो. राकेश रमन मौजूद थे। उन्होंने कहा कि मेरी पढ़ाई-लिखाई बीआरएबीयू से ही हुई है, इसलिए यहां आकर मुझे काफी गर्व हो रहा है। शोध में रिसर्च मेथेडोलॉजी का बहुत महत्व है। छात्रों को इस बारे में पूरा ज्ञान होना चाहिए। ऐसी कार्यशाला छात्रों के शिक्षा स्तर को बढ़ाती है। डॉ. रेजी सुलोचना ने कार्यशाला के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर प्रो. संजय कुमार, प्रो. सुनील कुमार, प्रो. नीलम पांडेय, प्रो. विपिन राय, डॉ. अनीता कुमारी, डॉ. नीलम कुमारी, डॉ. गौतम चंद्रा, डॉ. रेणु कुमारी, शोध छात्र अभय रंजन, रितु वर्मा शिल्पा, डॉ. अवधेश झा, अनुप्रिया आदि मौजूद रहे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 23..07.2025, PAGE-08**

# बीआरएबीयू के 50 से अधिक विद्यार्थियों ने नेट में पाई सफलता

**मुजफ्फरपुर।** बिहार विवि के 50 से अधिक छात्रों ने नेट की परीक्षा पास की है। हिंदी, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र जैसे विषयों में छात्रों ने यह सफलता पाई है।

राजनीति विज्ञान से नेट की परीक्षा पास करनेवाली डॉ. निकिता राज ने बताया कि उन्होंने दूसरी बार नेट की परीक्षा पास की है। हिंदी विषय से पूजा कुमारी, रेशमी कुमारी, ईश्वरचंद, प्रियंका कुमारी, जावेद, तनुप्रिया, पुष्पा, ज्योति कुमारी ने नेट की परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। अर्थशास्त्र विषय से श्यामा तिवारी, इतिहास विभाग के शुभम सिंह, अनामिका, लालाबाबू व विद्या भारती ने सफलता पाई है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 23.07.2025, PAGE-04

# दीक्षा समारोह में 59 टापरों को मिलेगा गोल्ड मेडल, 46 बेटियां शामिल

## वीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक, टापरों की सूची तैयार

- प्रोसेशन के आगमन और वापस जाने के लिए रूट निर्धारण और माइक की हुई टेस्टिंग
- सूची में पीजी के दो सत्र 2021-23 और 2022-24 के तहत 23 विषयों में कुल 46 टापर शामिल

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 25 अगस्त को आयोजित होने वाले दीक्षा समारोह में पीजी स्तर के सामान्य कोर्स, वोकेशनल, होम्योपैथी और एमएड के 59 टापरों को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इस सूची में बेटियों की संख्या 46 है। विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग ने टापरों की सूची तैयार कर ली है, जिसके आधार पर अब टापर समारोह के लिए रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। टापरों की सूची में पीजी के दो सत्र 2021-23 और 2022-24 के तहत 23 विषयों में कुल 46 टापरों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त, वोकेशनल के तहत एमसीए (2021-24), एमबीए (2022-24) और फिश एंड फिशरीज (2023-24) के तीन, 2020-23 के एमडी होम्योपैथी के आठ और 2021-23 तथा 2022-24 के एमएड के दो टापरों को भी शामिल किया गया है।

मंगलवार को कुलपति प्रो. डीसी राय की अध्यक्षता में दीक्षा समारोह को लेकर स्टीयरिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। 11 विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है। इसके बाद, सदस्यों ने पहले आडिटोरियम और फिर कम्युनिटी हाल में तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान फाल्स सिलिंग और टाइल्स की स्थिति का अवलोकन किया गया। इसके बाद माइक की टेस्टिंग की गई, जिसमें आडिटोरियम में आवाज की गूंज पहले से काफी कम हो गई है। इसे पूरी तरह से कम करने के लिए तकनीशियन कार्य कर रहे हैं।

कुलपति के नेतृत्व में सदस्यों ने राज्यपाल के लिए तैयार हो रहे रूम का निरीक्षण किया। इसमें अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया है। प्रोसेशन के आगमन और वापस जाने के रूट पर भी चर्चा की गई। इसके बाद, आडिटोरियम के बगल से होकर जाने वाले रास्ते से होते हुए समिति के सदस्य कम्युनिटी हाल पहुंचे। यहां वीआइपी के लिए भोजन कराने के विशेष इंतजाम किए जाएंगे।

अब तक की तैयारियों के अनुसार मंच पर कुल पांच कुर्सियां लगाई जाएंगी, जिनमें मुख्य अतिथि एलजी मनोज सिन्हा, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, राजभवन के प्रधान सचिव आरएल चोंग्थू, कुलपति प्रो. डीसी राय और रजिस्ट्रार प्रो. समीर कुमार शर्मा के लिए कुर्सी होगी। इसके अलावा, पीछे में भी तीन कुर्सियां लगाई जाएंगी।



दीक्षांत समारोह को लेकर बैठक करते कुलपति • जागरण

## समारोह में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले टापरों की सूची इस प्रकार हैं

**पीजी सत्र 2021-23**

अमन चंद दास - कला - विश्वविद्यालय कला विभाग
तनम कासिम - रसायनशास्त्र - विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग
फूल कुमारी - संस्कृत - विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग
आशुतोष - मैथिली - विश्वविद्यालय मैथिली विभाग
नलिनी - संगीत - एमडीडीएम कालेज
प्रिया कुमारी - भूगोल - एमजेके कालेज बेतिया
प्रतिभा कुमारी - गणित - पीजी गणित विभाग
निशा कुमारी - गणित - आरएन कालेज हाजीपुर
अंजलि कुमारी - बाटनी - एमडीडीएम कालेज
वंदा कुमारी - एआइएच - आरडीएस कालेज
सोनम रानी - समाजशास्त्र - नीतीश्वर कालेज
वंदना कुमारी - भौतिकी - विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग
पुनीता कुमारी - होम साइंस - विश्वविद्यालय होम साइंस
फिरदौस मंसूर - इलेक्ट्रानिक्स - विश्वविद्यालय इलेक्ट्रानिक्स विभाग
आकांक्षा - जूलाजी - एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी
मानसी मेहता - अंग्रेजी - एमडीडीएम कालेज
कामना कुमारी - हिंदी - एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी
सना शाहीन - मनोविज्ञान - एमडीडीएम कालेज
एस नाज - उर्दू - विश्वविद्यालय उर्दू विभाग
आकांक्षा डे - राजनीति विज्ञान - विश्वविद्यालय राजनीति विज्ञान विभाग
सोनू कुमार - दर्शनशास्त्र - विश्वविद्यालय दर्शनशास्त्र विभाग
श्वेता - अर्थशास्त्र - विश्वविद्यालय अर्थशास्त्र विभाग
अभिषेक कुमार - इतिहास - विश्वविद्यालय इतिहास विभाग
वर्षा रानी - वाणिज्य - विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग

**पीजी सत्र 2022-24**

तुलसी कुमार - वाणिज्य - आरडीएस कालेज
अंजलि शर्मा - अंग्रेजी - विश्वविद्यालय अंग्रेजी विभाग
श्वेता - हिंदी - विश्वविद्यालय हिंदी विभाग
पिंटू कुमार - मैथिली - विश्वविद्यालय मैथिली विभाग
भाविनी - संगीत - एमडीडीएम कालेज
अंशु प्रिया - दर्शनशास्त्र - एलएस कालेज
दुर्गेश कुमार - संस्कृत - विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग
कृष्णा कुमारी - समाजशास्त्र - नीतीश्वर कालेज
सदिया सना - उर्दू - विश्वविद्यालय उर्दू विभाग
अमृता - बाटनी - एमडीडीएम कालेज
मानस झा - रसायनशास्त्र - विश्वविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग
अनन्या गर्ग - इलेक्ट्रानिक्स - विश्वविद्यालय इलेक्ट्रानिक्स विभाग
स्नेहा रंजन - गणित - विश्वविद्यालय गणित विभाग
आनंद निखर - भौतिकी - विश्वविद्यालय भौतिकी विभाग
उज्ज्वल सम्मान - जूलाजी - विश्वविद्यालय जूलाजी विभाग
पूजा कुमारी - एआइएच एंड सी - आरडीएस कालेज
संतोष कुमार - अर्थशास्त्र - आरडीएस कालेज
अंजलि कुमारी - भूगोल - विश्वविद्यालय भूगोल विभाग
सौरव कुमार - इतिहास - विश्वविद्यालय इतिहास विभाग
अन्नु कुमारी - होम साइंस - वैशाली महिला कालेज
माधव मुकुंद मुरारी - राजनीति विज्ञान - आरडीएस कालेज
कृष्णा कुमार - मनोविज्ञान - विश्वविद्यालय मनोविज्ञान विभाग
ज्योति सिंह - एमसीए - विश्वविद्यालय गणित विभाग
आकांक्षा स्वाति - एमबीए - विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग
कृति गुप्ता - फिश एंड फिशरीज - विश्वविद्यालय जूलाजी विभाग

**एमडी होम्योपैथी**

डा. नितेश कुमार - प्रैक्टिस आफ मेडिसिन - आर्कबिटोरिस होम्योपैथिक मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल
डा. समराज्ञ सिंह - साइकियाट्री - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. प्रिया शैलिता बी - रिपर्टरी - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. सरिता शर्मा - मैटेरिया मेडिका - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. मो. मुजस्सा हुसैन - पीडियाट्रिक्स - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. महजबीन कौसर - होम्योपैथिक फार्मेसी - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. निवेदिता मुखर्जी - आर्गेनन आफ मेडिसिन - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना
डा. साधना - आर्गेनन आफ मेडिसिन - जीडी मेमोरियल होम्योपैथी मेडिकल कालेज एंड हास्पिटल पटना

**एमएड**

दीक्षा जोशी - एमएड - कालेज आफ टीचर एजुकेशन तुर्की
रेणु कुमारी - एमएड - कालेज आफ टीचर एजुकेशन तुर्की

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:23.07.2025, PAGE-04

# ओपी राय का एसआरकेजी कालेज सीतामढ़ी तो ममता रानी का एलएनटी में स्थानांतरण

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : लंबे इंतजार के बाद बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन ने सात अंगीभूत कालेजों के नियमित प्राचार्य का स्थानांतरण मंगलवार को कर दिया। विश्वविद्यालय के रजिस्टर प्रो. समीर कुमार शर्मा की ओर से इसको लेकर अधिसूचना जारी की गई है। एलएस कालेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय को सीतामढ़ी के एसआरकेजी कालेज में, प्रो. ममता रानी को आरबीबीएम कालेज से एलएनटी कालेज, प्रो.मनोज कुमार को नीतिश्वर कालेज से डा. आरएमएलएस कालेज, प्रो.नलिन विलोचन को एमपीएस साइंस कालेज से डा. एसकेएस विमेंस कालेज मोतिहारी, डा. रामनरेश पंडित को जीवछ कालेज मोतीपुर से एसआरएपी कालेज बारा चकिया, डा नंदकिशोर प्रसाद को जेएल कालेज हाजीपुर से आरसी कालेज सकरा, डा. तारकेश्वर पंडित को डीसी कालेज हाजीपुर से जेबीएसडी कालेज बकुची स्थानांतरित किया गया है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि सभी नियमित प्राचार्य नए कालेज में तत्काल प्रभाव से योगदान देंगे और अपने पूर्ववर्ती महाविद्यालय के वरीय शिक्षक को प्रभार सौंपेंगे।

यह आदेश ऐसे समय में जारी किया गया है जब बुधवार को नए स्थायी प्राचार्य के लिए लाटरी सिस्टम से महाविद्यालयों का आवंटन किया जाना है। ऐसे में अब तय माना जा रहा है कि शहर के अधिकांश प्रीमीयर कॉलेज में नए प्राचार्य आएंगे। इनमें एलएस कालेज, एमडीडीएम कालेज, आरडीएस कालेज, आरबीबीएम कालेज, एमपीएस साइंस कालेज आदि शामिल हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN**
**MUZAFFARPUR**
**DATE:23.07.2025**
**PAGE-04**

## रवींद्र और मंजरी वर्मा को कनाडा में मिला सम्मान

मुजफ्फरपुर : कनाडा के टोरंटो में आयोजित हिंदी की समाजिक भूमिका पर बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार वर्मा रवि ने व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में प्रो. रवि और एलएस कालेज की राजनीति विज्ञान विभाग की पूर्व अध्यक्ष डा. मंजरी वर्मा को सम्मानित किया गया। हिंदी राइटर्स गिल्ड की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने प्रेमचंद के विशेष संदर्भ में साहित्य की युगांतकारी सामाजिक भूमिका को स्पष्ट करते हुए उन्हें समाज के लिए मशाल बताया। (जासं)

## वोकेशनल कोर्स में आज से आनस्पाट नामांकन

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के स्नातक से लेकर पीजी व डिप्लोमा स्तरीय वोकेशनल कोर्स में खाली सीटों पर बुधवार से आनस्पाट नामांकन होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय ने आदेश जारी किया है। कहा है कि पीजी विभागों से लेकर कालेजों में संचालित व्यावसायिक कोर्स में नामांकन के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर आनलाइन अप्लाई करते हुए आनस्पान नामांकन बुधवार से 31 जुलाई तक कर सकेंगे। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE:23.07.2025, PAGE-04

# लाटरी सिस्टम से 23 अंगीभूत कालेजों को मिलेंगे स्थायी प्राचार्य

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के 23 अंगीभूत कालेजों में बुधवार को लाटरी सिस्टम के माध्यम से स्थायी प्राचार्य नियुक्त किए जाएंगे। बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग की ओर से अनुशंसित प्राचार्यों की काउंसिलिंग प्रक्रिया पहले ही संपन्न हो चुकी है। प्राचार्यों ने अपने-अपने अनुमंडलवार कालेजों के विकल्प भी पहले ही प्रस्तुत कर दिए हैं। बुधवार को 11.30 बजे कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में लाटरी प्रक्रिया का आयोजन होगा, जिसकी वीडियोग्राफी भी की जाएगी। पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एमएलसी, स्थानीय विधायक और सांसद को आमंत्रित किया गया है, साथ ही सभी नए प्राचार्यों को भी बुलाया गया है।

लाटरी के लिए सभी कालेजों की अनुमंडलवार अंग्रेजी वर्णक्रम में सूची तैयार की जाएगी। इसके बाद अनुशंसित प्राचार्यों के नाम की अलग-अलग पर्चियां बनाई जाएंगी। प्राचार्यों ने पहले ही अपने विकल्प विश्वविद्यालय को आवेदन के रूप में प्रस्तुत किए हैं, जिसमें उन्होंने महाविद्यालय की जगह अनुमंडल का विकल्प दिया है। प्राचार्य के नाम की पर्ची एक बाक्स में रखी जाएगी, और किसी कार्यालय परिचारी या समकक्ष पद पर कार्यरत कर्मी द्वारा एक पर्ची निकाली जाएगी। उस पर्ची में अंकित नाम वाले प्राचार्य को अंग्रेजी वर्णक्रम में तैयार कालेज की सूची का पहला महाविद्यालय आवंटित किया जाएगा। इसी प्रकार सभी प्राचार्यों को कालेज आवंटित किए जाएंगे।

इसके साथ ही, सात अंगीभूत कालेजों में स्थायी प्राचार्यों के स्थानांतरण के आदेश भी बुधवार को जारी किए जा सकते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा स्थानांतरण की सूची तैयार की गई है, और यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि लाटरी सिस्टम में कितने कालेज शामिल किए जाएंगे।

# यूजीसी नेट में छात्रों की शानदार सफलता

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के पीजी विभागों और कालेजों के कई छात्र-छात्राओं ने यूजीसी नेट में सफलता हासिल की है। इसके अतिरिक्त, अधिक विद्यार्थियों ने पैट (पीएचडी एडमिशन टेस्ट) के लिए योग्यता प्राप्त की है। विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के शोधार्थियों शुभम सिंह, अनामिका कुमारी और लालाबाबू कुमार ने नेट में सफलता पाई है। हिंदी विभाग से ईश्वरचंद, जावेद अख्तर और मासूम कुमारी ने भी सफलता प्राप्त की है। विभाग में नेट की तैयारी के लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन किया जाता है। इतिहास से अभिषेक कुमार ने नेट में उत्तीर्ण किया है, जबकि पांच अन्य ने पैट के लिए क्वालीफाइ किया है। अंग्रेजी और राजनीति विज्ञान में भी कई अभ्यर्थियों ने सफलता पाई है।